# देश-विदेश के 200 बड़े उद्योगपतियों को आमंत्रण

## भूमि पूजन समारोह : अंबानी-अडाणी से लेकर हर बड़े घराने को न्योता, यूपी के करीब 20 बड़े कारोबारी भी होंगे शामिल

अभिषेक गुप्ता

**लखनऊ।** 19 फरवरी को होने वाले भूमि पूजन समारोह के लिए देश विदेश के 200 शीर्ष उद्योगपतियों को न्योता भेजा गया है। इस सूची में टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी चेयरमैन संजीव पुरी, सुनील भारती मित्तल, लुलु ग्रुप के युसुफ अली सहित सभी बड़े औद्योगिक घराने शामिल हैं। अतिविशिष्ट मेहमानों में यूपी के करीब 20 उद्योगपति हैं, जिसमें पीटीसी, घड़ी, एमकेयू, जेके सीमेंट आदि के प्रमुख हैं।

उत्तर प्रदेश का ये चौथा और योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला पूजन समारोह है। इसमें शामिल होने के लिए अतिविशिष्ट मेहमानों को नए सिरे से आमंत्रण पत्र भेजे जा चुके हैं। अब सभी की पुष्टि के इंतजार में टीमें लगातार संपर्क में हैं। समारोह में लगभग दस अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और बड़े ब्रांड्स के प्रमुखों को भी निमंत्रण भेजा गया है।

### देश की ये हस्तियां कर सकती हैं शिरकत

गोदरेज समूह के पिरोजशॉ गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन अशोक हिंदुजा, अशोक लीलैंड के धीरज हिंदुजा, बर्जर पेंट्स के एमडी अभिजीत राय, फ्लिकार्ट के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति, हीरो समूह के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल, पिडीलाइट के एमडी भरत पुरी, द हाउस आफ अभिनंदन लोढ़ा समूह के अभिनंदन लोढ़ा, कजारिया ग्रुप के एमडी अशोक कजारिया, वॉल्वो इंडिया के एमडी कमल बाली को निमंत्रण भेजा गया है। इसके अलावा एलएंडटी के एमडी एसएन सुब्रमण्यम, अल्ट्राटेक सीमेंट के एमडी कैलाश चंद्र, हिन्दुस्तान यूनिलिवर के एमडी रोहित जावा, ओला कैब्स के भावेश अग्रवाल, ओयो से रीतेश अग्रवाल, कोकाकोला इंडिया के एमडी संकेत राय, श्रीसीमेंट के एमडी एचएम बांगुर, संजय किर्लोस्कर, हीरानंदानी ग्रुप के दर्शन व निरंजन हीरानंदानी, पारले से प्रकाश चौहान, मेदांता के डॉ. नरेश त्रेहान, ब्रिटानिया के वरुण बेरी, बायोकॉन की एमडी किरन मजूमदार शॉ, डाबर इंडिया से आनंद बर्मन, पेप्सिको से अहमद शेख, रसना, माइक्रोसाफ्ट, वेदांता ग्रुप, विप्रो, हल्दीराम समूह, डीएस ग्रुप और यूफ्लेक्स आदि।

### विदेशी निवेशक

ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के एमडी जेनियल बर्शर, सैमसंग इंडिया के सीईओ जे बी पार्क, एबी मॉरी के एमडी डगलस एलियॉट, एयर लिक्विड के एमडी बेनेट रीनॉर्ड आदि।

### प्रदेश के इन उद्योगपतियों को भेजा गया न्योता

यूपी से पीटीसी के चेयरमैन सचिन अग्रवाल, एसएलएमजी बेवेरेजेस के विवेक लधानी, राजेश मसाला के राजेश अग्रहरि, इंडिया पेस्टीसाइट्स से विश्वास स्वरूप, पीएनसी इंफ्राटेक के चक्रेश कुमार जैन, मनोज गुप्ता एमकेयू, विजय अग्रवाल स्पर्श इंडस्ट्रीज, रेडिको खेतान के ललित खेतान, केआर पल्प एंड पेपर्स के मधु कुमार अग्रवाल, बीएल एग्रो के घनश्याम खंडेलवाल, रिमझिम इस्पात के योगेश अग्रवाल, गैलेंट से सीपी अग्रवाल, सर्राफ ग्रुप, लोहिया ग्लोबल सहित कई अन्य उद्योगपति भी शामिल होंगे।

- **सार्वजनिक उद्यमों के प्रमुख भी लेंगे हिस्सा :** इफको, सोलर इंडिया कारपोरेशन, नेशनल फर्टिलाइजर, टीएचडीसी, भारत डायनामिक्स, डीआरडीओ, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, पावर ग्रिड कारपोरेशन, एनटीपीसी, गेल, भेल, पावर फाइनेंस कारपोरेशन, बीपीसीएल, एचपीसीएल, इंडियन आयल आदि।